श्रेयस योजना

प्रलिम्सि के लयि:

श्रेयस, अनुसूचति जातकि लयि राष्ट्रीय प्रवासी योजना, अनुसूचति जात

मेन्स के लयि:

भारत में शैक्षकि असमानताओं को कम करने में वत्तिीय सहायता और छात्रवृत्तकिी भूमकि

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

युवा अचीवर्स हेतु उच्च शक्षा के लयि छात्रवृत्त योजना (Scholarships for Higher Education for Young Achievers Scheme - SHREYAS) भारत में अनुसूचति जात (SC) और अन्य पछिड़ा वर्ग (OBC) **के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शक्षा तक पहुँच प्रदान करके** उन्हें सशक्त बनाने की दशा में भारत द्वारा कयि गये के प्रयासों को प्रतबिबिति करती रही है।

श्रेयस योजना:

- **परचिय:**
  - यह सामाजकि न्याय और अधकारति मंत्रालय के तहत एक व्यापक योजना है।
  - इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण **उच्च शक्षा तक पहुँच प्रदान करने के लयि फेलोशपि** (वत्तिीय सहायता) और **वदिेश में पढ़ाई के लयि शैक्षकि ऋण पर ब्याज सब्सडिी प्रदान करके** अन्य पछिड़ा वर्ग तथा आर्थकि रूप से पछिड़े वर्ग (EBC) के छात्रों का शैक्षकि सशक्तीकरण करना है।
- **उप-योजनाएँ:**
  - "श्रेयस" की अम्ब्रेला योजना में **4 केंद्रीय क्षेत्र की उप-योजनाएँ शामलि** हैं।
    - **अनुसूचति जात और अन्य पछिड़ा वर्ग के लयि नःिशुल्क कोचगि योजना:**
      - **उद्देश्य:**
        - प्रतसि्पर्द्धी परीक्षाओं और तकनीकी तथा व्यावसायकि संस्थानों में नामांकन के लयि **आर्थकि रूप से वंचति अनुसूचति जात व अन्य पछिड़ा वर्ग** को उच्च गुणवत्ता की कोचगि प्रदान करना।
      - **आय सीमा**: योजना के तहत पारवािरकि आय 8 लाख प्रतविर्ष तय की गई है।
      - **स्लॉट आवंटन:** इसके लिए सालाना 3500 स्लॉट आवंटति कयि जाते हैं।
      - **लगि समावेशतिा**: दोनों श्रेणयिों में **महलिाओं के लयि 30% स्लॉट** आरक्षति हैं।
      - **आवंटन अनुपात:** SC: OBC अनुपात 70:30 है, जो समान पहुँच सुनश्चिति करता है।
      - **परणािम:** वर्ष 2014-15 से वर्ष 2022-23 तक 19,995 लाभार्थयिों को इसका लाभ मलि है।
- **अनुसूचति जात (SC) के लयि सर्वोत्तम शक्षा:**
  - **उद्देश्य**: **12वीं कक्षा से आगे की पढ़ाई को कवर करते हुए, SC के छात्रों के बीच गुणवत्तापूर्ण शक्षा को** पहचानना और बढ़ावा देना।
  - **आय सीमा:** पारवािरकि आय सीमा **8 लाख प्रतविर्ष नरि्धारति है।**
  - **कवरेज**: 266 उच्च शक्षा संस्थान, जनिमें IIM, IIT और NIT जैसे प्रतष्ठिति संस्थान शामलि हैं।
  - **छात्रवृत्त:** योजना के तहत शक्षिण शुल्क, वापस न कयि जाने वाले शुल्क (Non-refundable charges), शैक्षणकि भत्ता और अन्य खर्च प्रदान कयि जाते हैं।
  - **परणािम:**
    - वर्ष 2014-15 से वर्ष 2022-23 तक 21,988 लाभार्थी इससे लाभान्वति हुए हैं।
- **अनुसूचति जातकि लयि राष्ट्रीय प्रवासी योजना:**
  - **उद्देश्य:** अनुसूचति जातकि लयि राष्ट्रीय प्रवासी योजना के तहत, अनुसूचति जातकि चयनति छात्रों को वत्तिीय सहायता प्रदान की

जाती है तथा गैर-अधिसूचित, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन खेतिहर मज़दूरों व पारंपरिक कारीगर श्रेणी को विदेश में स्नातकोत्तर और पीएच.डी. स्तर के पाठ्यक्रम करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

- **पात्रता:** एक छात्र के परिवार की **कुल आय 8 लाख रुपये प्रति वर्ष** से कम होनी चाहिये, जिनके पास **पात्रता परीक्षा में 60% से अधिक अंक** प्राप्त किया हो, उम्र 35 वर्ष से कम हो और जिन्होंने **शीर्ष 500 QS रैंकिंग वाले विदेशी संस्थानों/विश्वविद्यालयों में प्रवेश** लिया हो।
- **छात्रवृत्ति:** योजना से लाभ प्राप्त लाभार्थियों को कुल शिक्षण शुल्क, रखरखाव और आकस्मिकता भत्ता, वीज़ा शुल्क, आने-जाने का हवाई मार्ग किराया आदि प्रदान किया जाता है।
- **परिणाम:** वर्ष 2014-15 से वर्ष 2022-23 तक 950 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिला है।

- **अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये राष्ट्रीय फैलोशिप:**
  - **उद्देश्य**: यह फेलोशिप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों/कॉलेजों में **विज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में एम.फिल/पीएच.डी. डिग्री करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों** को सहायता प्रदान करती है।
  - **पात्रता**: वे उम्मीदवार जिन्होंने **राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET-JRF)** या विज्ञान स्ट्रीम में जूनियर रिसर्च फेलो के लिये UGC-काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (UGC-CSIR) संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है।
  - **आवंटन**: यह योजना प्रति वर्ष 2000 नए स्लॉट (विज्ञान स्ट्रीम के लिये 500 और मानविकी व सामाजिक विज्ञान के लिये 1500) प्रदान करती है।

भारत में अन्य शिक्षा योजनाएँ:

- प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम
- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
- प्रधानमंत्री श्री (SHRI) स्कूल
- राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति (NMMS)
- स्वच्छ विद्यालय अभियान
- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

??????????

प्रश्न. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान शिक्षा पर प्रभाव डालते हैं? (2012)

1. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
2. ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय
3. पंचम अनुसूची
4. षष्ठ अनुसूची
5. सप्तम अनुसूची

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (d)

?????:

प्रश्न. भारत की डिजिटल इंडिया में डिजिटल पहल ने किस प्रकार से देश की शिक्षा व्यवस्था के संचालन में योगदान किया है? विस्तृत उत्तर दीजिये। (2021)

प्रश्न. जनसंख्या शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों की विवेचना करते हुए भारत में इन्हें प्राप्त करने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डालिये। (2021)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shreyas-scheme